बिहार सरकार ने 2.78 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **बिहार सरकार ने 2.78 लाख करोड़ रुपए का** [बजट](#) **पेश किया**, जिसमें विभाग को 22% से अधिक धनराशि आवंटित करके शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

मुख्य बिंदु:

- सरकार ने **सूचना और प्रौद्योगिकी,** [पर्यटन](#) **पर भी विशेष ध्यान दिया** तथा **विविध सरकारी योजनाओं के लिये 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक** की राशि निर्धारित की।
- उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने **2,78,725.72 करोड़ रुपए का बजट** पेश किया:
  - शिक्षा विभाग को 22,200.35 करोड़ रुपए (22.20%) का आवंटन।
  - ग्रामीण विकास विभाग को 13,840.56 करोड़ रुपए (13.84%)।
  - समाज कल्याण विभाग को 8,191.79 करोड़ रुपए (8.19%)।
  - ग्रामीण कार्य और स्वास्थ्य विभाग को 7,409.13 करोड़ रुपए (7.41%) तथा 7,117.56 करोड़ रुपए (7.12%) आवंटित किये गए।
  - सरकार अकेले कई छात्रवृत्ति योजनाओं पर 3,073.26 करोड़ रुपए खर्च करेगी।
  - सरकार ने [7 निश्चय योजना- 2 कार्यक्रम](#) के तहत सुशासन योजनाओं पर **5,040 करोड़ रुपए** खर्च का अनुमान लगाया है।
- बजट में **1,121.41 करोड़ रुपए का राजस्व अधिशेष** है और 2.98% का राजकोषीय घाटा दिखाया गया है। इसमें 3.48 लाख करोड़ रुपए का बकाया ऋण भी दिखाया गया है।

7 निश्चय योजना -2 कार्यक्रम

- निश्चय 1. युवा शक्ति- बिहार की प्रगति
- निश्चय 2. सशक्त स्त्री, समर्थ स्त्री
- निश्चय 3. हर खेत को सिंचाई का पानी
- निश्चय 4. स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव
- निश्चय 5. स्वच्छ शहर-विकसित शहर
- निश्चय 6. सुगम कनेक्टिविटी
- निश्चय 7. सभी के लिये अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएँ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-government-tablesrs-rs-2-78-lakh-crore-budget